

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

शुक्रवार 20 मार्च 2026 बर्ष 02 अंक 77 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com

**अनमोल वचन**

"अच्छे रिजल्ट लेन के लिए,
बातो से नही रातो से लड़ना पड़ता है"
"लोग चाहते हैं कि मैं बेहतर करूं,
लेकिन वो कभी नहीं चाहते कि मैं उनसे
बेहतर करूं ।"

## नालंदा में वासंतिक नवरात्रि की शुरुआत, मां आशापुरी मंदिर में विशेष तैयारी पूरी

### कलश स्थापना के साथ मां भगवती की आराधना का नौ दिवसीय अनुष्ठान प्रारंभ

**केशववाणी संजीव कुमार बिट्टू की रिपोर्ट घोसरावां (नालंदा)।** वासंतिक नवरात्रि की पावन शुरुआत गुरुवार से हो रही है। इसके साथ ही जिले के सभी देवी मंदिरों में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का माहौल गहरा गया है। शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना के साथ मां भगवती की आराधना का नौ दिवसीय अनुष्ठान प्रारंभ होगा। जिले के प्रमुख शक्ति स्थलों में शामिल घोसरावां स्थित मां आशापुरी मंदिर में नवरात्रि को लेकर विशेष तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अपनी प्राचीन परंपरा, तांत्रिक साधना और चमत्कारिक मान्यताओं के कारण यह मंदिर दूर–दूर तक प्रसिद्ध है। यहां मां सिद्धिदात्री के स्वरूप में विराजमान हैं, जिनकी आठ भुजाओं वाली दिव्य प्रतिमा श्रद्धालुओं की गहरी आस्था का केंद्र है। करीब 350 वर्ष पुराना यह शक्तिपीठ नवरात्रि के दौरान विशेष रूप से भक्तों की भीड़ से गुलजार रहता है। बिहारशरीफ से लगभग 16 किलोमीटर और पावापुरी जल मंदिर से करीब चार किलोमीटर दूर स्थित यह मंदिर अपनी अनूठी पूजा–पद्धति के लिए जाना जाता है। स्थानीय मान्यता के अनुसार, मां आशापुरी की प्रतिमा वर्षों पहले एक टीले पर प्रकट हुई थी, जिसके बाद इस स्थल की महिमा दूर–दूर तक फैल गई और यह मन्नतों का प्रमुख धाम बन गया। पंडित रविरंजन कुमार के अनुसार, गुरुवार सुबह 6:40 बजे के बाद शुभ मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश स्थापना की जाएगी। इसके साथ ही मां भगवती के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा–अर्चना के साथ नवरात्रि अनुष्ठान प्रारंभ होगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष लालकेश्वर सिंह एवं सचिव सुशील उपाध्याय ने बताया कि नौ दिनों तक विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। प्रतिदिन सुबह–शाम आरती, दुर्गा सप्तशती पाठ, भजन–कीर्तन, पुष्पांजलि और विशेष पूजा–अर्चना की जाएगी। श्रद्धालु जप, तप, व्रत और उपवास के माध्यम से मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना करेंगे।



मां आशापुरी मंदिर की विशेषता इसकी अनूठी परंपराएं भी हैं। यहां शारदीय नवरात्रि के दौरान तांत्रिक विधि से पूजा की जाती है, जिसमें नौ दिनों तक मंदिर परिसर और गर्भगृह में महिलाओं का प्रवेश वर्जित रहता है। वहीं वासंतिक नवरात्रि में महिलाओं को मंदिर परिसर में प्रवेश की अनुमति होती है, लेकिन गर्भगृह में प्रवेश परंपरा के तहत प्रतिबंधित रहता है। स्थानीय जनश्रुति के अनुसार, लगभग 350 वर्ष पूर्व यहां मां की प्रतिमा प्रकट हुई थी, जिसके बाद यह स्थल आस्था का प्रमुख केंद्र बन गया। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि मां के दरबार में सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद पूरी होती है। घोसरावां का मां आशापुरी मंदिर आस्था, परंपरा, शक्ति और लोकविश्वास का अद्भुत संगम है, जहां नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है और पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब जाता है।








## नालंदा में गैस की कोई कमी नहीं - डीएम ने अफवाहों से बचने की अपील की

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिले में एलपीजी गैस सिलिंडर की कथित किल्लत की खबरों के बीच जिला प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि जिले में गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। गुरुवार को जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने घरेलू गैस सिलिंडरों की उपलब्धता की समीक्षा की। इस दौरान तीनों तेल विपणन कंपनियों के एरिया मैनेजरों ने बताया कि इंडियन ऑयल (आईओसीएल) की 18 एजेंसियों में 9703 सिलिंडर, भारत पेट्रोलियम (बीपीसीएल) की 27 एजेंसियों में 12302 सिलिंडर तथा हिंदुस्तान पेट्रोलियम (एचपीसीएल) की 9 एजेंसियों में 2110 सिलिंडर स्टॉक में उपलब्ध हैं। डीएम ने आम लोगों से अपील की है कि वे घबराहट में आकर गैस सिलिंडर की अनावश्यक बुकिंग न करें और कालाबाजारी से सिलिंडर खरीदने से बचें। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता केवल अधिकृत माध्यमों से ही बुकिंग कर गैस प्राप्त करें।

प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर गैस की कमी को लेकर फैलाई जा रही खबरें भ्रामक हैं। लोगों से ऐसी अफवाहों पर ध्यान न देने और अपुष्ट जानकारी को साझा न करने की अपील की गई है।

उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। गैस बुकिंग में किसी प्रकार की परेशानी या अन्य शिकायत के लिए लोग 06112–233168 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। जिला प्रशासन ने चेतावनी दी है कि यदि कोई व्यक्ति गैस सिलिंडरों की जमाखोरी, कालाबाजारी या घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग करते पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## राजगीर में बाइक सवार दो युवक शराब के साथ गिरफ्तार

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** जिले के नालंदा थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को शराब के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर कार्रवाई करते हुए बाइक सवार दोनों युवकों को रोका गया। तलाशी के दौरान उनके पास मौजूद ट्रॉली बैग से एक कार्टन में करीब नौ लीटर रॉयल स्टैग शराब बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पपरनौसा निवासी अरविंद कुमार के पुत्र कुणाल कुमार तथा मुस्तफापुर वलवा पर मुसहरी निवासी राजेंद्र मांझी के पुत्र सतीश कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

## ईद–रामनवमी को लेकर बिहारशरीफ में हाई अलर्ट
## सीसीटीवी से होगी हर गतिविधि की निगरानी

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट, बिहारशरीफ (नालंदा)।** आगामी ईद एवं रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर जिला पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। संवेदनशील माने जाने वाले बिहारशरीफ शहर में विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी प्रकार का विवाद या सांप्रदायिक तनाव उत्पन्न न हो सके। प्रशासन द्वारा शहर के विभिन्न इलाकों में लगे सभी सीसीटीवी कैमरों को सक्रिय कर दिया गया है। इसके साथ ही अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है, जिससे शहर की हर गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जा सके। पुलिस द्वारा संवेदनशील स्थानों की पहचान कर वहां विशेष निगरानी की व्यवस्था की जा रही है। पुलिस अधीक्षक नालंदा, भारत सोनी ने बताया कि ईद, रामनवमी समेत अन्य त्योहारों के दौरान कानून–व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार का उपद्रव करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने यह भी जानकारी दी कि सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए भारी संख्या में अतिरिक्त पुलिस बल की मांग की गई है। सभी जवानों को शहर के प्रमुख चौक–चौराहों और संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात किया जाएगा, ताकि किसी भी स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। गौरतलब है कि पूर्व के वर्षों में रामनवमी के दौरान बिहारशरीफ में छोटे–मोटे विवाद कई बार हिंसक रूप ले चुके हैं।






इसी अनुभव को ध्यान में रखते हुए इस बार पुलिस प्रशासन पहले से ही पूरी तरह सतर्क है और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए व्यापक तैयारी की गई है। प्रशासन द्वारा आम लोगों से भी अपील की गई है कि वे पर्व–त्योहार को शांतिपूर्ण और भाईचारे के साथ मनाएं तथा किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। साथ ही संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने को कहा गया है, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।





अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें


7033325120

# त्योहारों को लेकर बिहारशरीफ में ट्रैफिक प्लान लागू, 19 से 31 मार्च तक बदले रहेंगे रूट

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट इसलामपुर (नालंदा)।** आगामी ईद, दुर्गा पूजा, छठ, रामनवमी और महावीर जयंती जैसे प्रमुख त्योहारों को लेकर जिला प्रशासन ने बिहारशरीफ शहर में विशेष यातायात नियंत्रण योजना लागू कर दी है। यह व्यवस्था 19 मार्च से 31 मार्च 2026 तक प्रभावी रहेगी, ताकि त्योहारों के दौरान भीड़–भाड़ के बीच यातायात सुचारु बना रहे। प्रशासन द्वारा जारी निर्देश के अनुसार, शहर में बड़े वाहनों के प्रवेश पर कई जगहों पर रोक लगाई गई है और उन्हें बायपास मार्गों से डायवर्ट किया जाएगा। बरबीघा–शेखपुरा की ओर से पटना जाने वाली बसों को नकटपुरा बायपास से होकर सोहसराय हॉल्ट और मोड़ा पचासा मार्ग से भेजा जाएगा। वहीं बरबीघा और अस्थावां की ओर से आने वाले भारी वाहन शहर में प्रवेश नहीं करेंगे और उन्हें बस स्टैंड तक ही सीमित रखा जाएगा। हुई, बख्तियारपुर और राजगीर की दिशा से आने वाले ट्रक, बस और अन्य व्यावसायिक वाहनों के लिए भी अलग–अलग स्थानों तक ही परिचालन की अनुमति होगी। सोहसराय बाजार, बड़ी पहाड़ी, रामचंद्रपुर और अंबेडकर चौक जैसे व्यस्त इलाकों में बड़े वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। कारगिल बस स्टैंड को अस्थायी सरकारी बस स्टैंड के रूप में विकसित किया गया है। पटना और नवादा की ओर जाने वाली सरकारी बसें यहीं से संचालित होंगी और बायपास मार्ग का उपयोग करेंगी। शहर के भीतर स्थित सरकारी बस स्टैंड में इस अवधि के दौरान बसों का प्रवेश बंद रहेगा। भीड़ को देखते हुए मंगला स्थान मार्ग से किसी भी प्रकार के बस या भारी वाहन के परिचालन पर रोक लगाई गई है। इसके अलावा शहर में कई स्थानों को पार्किंग स्थल के रूप में चिन्हित किया गया है, जिनमें सोगरा कॉलेज मैदान, बाजार समिति परिसर, बरबीघा बस स्टैंड, कारगिल बस स्टैंड, सोहसराय क्षेत्र सहित अन्य प्रमुख स्थान शामिल हैं।




यातायात नियंत्रण को प्रभावी बनाने के लिए शहर के विभिन्न हिस्सों में बैरियर भी लगाए जाएंगे। इनमें किसान कॉलेज, कटहल टोला मोड़, शेखाना मोड़, रामचंद्रपुर बस स्टैंड, मंगला स्थान, खैराबाद, सोगरा कॉलेज मोड़, कारगिल बस स्टैंड समेत कई प्रमुख स्थान शामिल हैं। प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि वे निर्धारित रूट और नियमों का पालन करें, ताकि त्योहारों के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो और सभी पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सकें।







# "मेरा प्रखंड, मेरा गौरव" अभियान में 9 प्रतिभागी सम्मानित, प्रत्येक को ₹10 हजार का पुरस्कार

**केशववाणी अमर वर्मा की रिपोर्ट बिहार शरीफ (नालंदा)।** जिले में "मेरा प्रखंड, मेरा गौरव" अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में गुरुवार को चयनित प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। उप विकास आयुक्त श्री शुभम कुमार ने विजेताओं को सम्मानित करते हुए प्रत्येक को ₹10,000 की पुरस्कार राशि का चेक प्रदान किया। यह सम्मान प्रखंड क्षेत्र के ऐतिहासिक, धार्मिक और दर्शनीय स्थलों की उत्कृष्ट तस्वीरें प्रस्तुत करने के आधार पर दिया गया। कुल 9 प्रतिभागियों को इस अभियान के तहत चयनित किया गया,
जिन्होंने अपने–अपने क्षेत्रों के महत्वपूर्ण स्थलों को तस्वीरों के माध्यम से बेहतर ढंग से प्रस्तुत किया। सम्मानित प्रतिभागियों में गौतम कुमार (तेल्हारा यूनिवर्सिटी, एकंगरसराय), सतीश कुमार (आत्माधाम, इस्लामपुर), मणिकांत (मोरा तालाब, बिहारशरीफ), निकेत (बड़गांव सूर्य मंदिर, बिहारशरीफ), दीपक आनंद मांझी (दरगाह हवनपुरा, रहुई), अनीस इकबाल (बड़ी मस्जिद, नगरनौसा), मेघा कुमारी (श्री बड़ी मठ गुरुधाम, परवलपुर), कुणाल कौशल (राम जानकी मंदिर, नेहुसा, हरनौत) तथा यशपाल (अमावा स्टेट रेजिडेंसी, अस्थावां) शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त ने कहा कि "मेरा प्रखंड, मेरा गौरव" अभियान का उद्देश्य जिले के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पर्यटन स्थलों को पहचान दिलाना है। साथ ही इससे स्थानीय लोगों में अपने क्षेत्र के प्रति गर्व की भावना विकसित होगी और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहल से जहां एक ओर छुपी हुई प्रतिभाओं को मंच मिलता है, वहीं दूसरी ओर क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को भी नई पहचान मिलती है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने भी इस पहल की सराहना की।

# ईद, छठ, रामनवमी व महावीर जयंती को लेकर नालंदा प्रशासन अलर्ट, टाउन हॉल में अधिकारियों की ब्रीफिंग

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिले में आगामी प्रमुख पर्व–त्योहारों को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी क्रम में गुरुवार को बिहारशरीफ स्थित टाउन हॉल में जिला दंडाधिकारी सह जिलाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी की संयुक्त अध्यक्षता में सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की बैठक आयोजित कर उन्हें विस्तृत ब्रीफिंग दी गई। बैठक में ईद–उल–फितर (20–21 मार्च), छठ पूजा (22–25 मार्च), चिरागा मेला/चादर जुलूस (23 मार्च से 2 अप्रैल), रामनवमी (27–28 मार्च) एवं महावीर जयंती (30–31 मार्च) के दौरान जिले में शांति व्यवस्था एवं विधि–व्यवस्था बनाए रखने को लेकर व्यापक रणनीति तैयार की गई। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी पर्व–त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने संवेदनशील एवं अति संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार पैदल एवं वाहन गश्ती बढ़ाने, 24 घंटे नियंत्रण कक्ष से निगरानी रखने तथा किसी भी अप्रिय घटना पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अवैध जुलूसों पर रोक लगाने, हुड़दंगियों पर नजर रखने, बाइकर्स के समूह को नियंत्रित करने, ड्रॉप गेट को सक्रिय रखने तथा बाहरी तत्वों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए। पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने अपने संबोधन में कहा कि सभी त्योहारों को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराना पुलिस की जिम्मेदारी है। उन्होंने शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त रखने, ट्रिपल राइडिंग पर रोक लगाने और असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखने का निर्देश दिया।




एसपी ने सोशल मीडिया पर फैलने वाली फेक न्यूज और अफवाहों पर कड़ी निगरानी रखने तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा। साथ ही महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश भी दिया गया। बैठक में स्टैटिक फोर्स, क्यूआरटी मूवमेंट, पेट्रोलिंग, वाहन जांच एवं ट्रैफिक मैनेजमेंट को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया गया। सभी अधिकारियों को अपने–अपने प्रतिनियुक्त स्थल पर उपस्थित रहने तथा डायल 112 को लगातार सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को यह भी कहा गया कि छोटी–छोटी घटनाओं की सूचना तुरंत उपलब्ध कराएं, ताकि समय रहते उसे नियंत्रित कर बड़ी घटना बनने से रोका जा सके। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी (गोपनीय शाखा), अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित जिले के सभी संबंधित दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।









# महायज्ञ को लेकर निकाली गई भव्य कलश शोभायात्रा

## कलशयात्रा में जगतपुर, मोसिमपुर, बाली, बदौरा, नरसंडा सहित अन्य गांवों के तकरिबन 650 महिलाए शामिल हुए

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत , चंडी (नालंदा)।** चंडी प्रखंड के जगतपुर गांव में एनएच 30–ए के किनारे आयोजित श्री श्री 108 श्री श्री शत चंडी महायज्ञ के आयोजन को लेकर बृहस्पतिवार को कलश शोभा यात्रा निकाली गई । वहीं आयोजन समिति के अध्यक्ष नरसिंह सिंह ,शवलेदर सिंह,टुलू , शैलेन्द्र समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि कलशयात्रा में जगतपुर, मोसिमपुर, बाली, बदौरा, नरसंडा सहित अन्य गांवों के तकरिबन 650 महिलाएं कलश में जलबोझी की। जलबोझी बाढ़ (पटना) के उमानाथ घाम स्थित गंगाजी किनारे पोस्ट ऑफिस घाट पर हुई। वहीं गंगा घाट जाने के लिए करिब एक दर्जन बस और कई कारें रिजर्व की गई थी। कलश यात्री यज्ञ स्थल से एक किलोमीटर पूर्व( जगतपुर मोड़ के पास श्रीहनुमान मंदिर)वाहन से उतरकर पैदल विभिन्न गांवों कि यात्रा की। उन्होंने कहा कि शाम में श्रीमद्भगवत कथा का आयोजन हो रहा है, जिसमें वृंदावन से आई साध्वी प्रियंका शास्त्री कथा वाचन कर रहे हैं। उधर यूपी के बीएचयू से आए आचार्य वार्य राममूर्ति पांडेय समेत कुल 11 विद्वान वैदिक अनुष्ठान में जुटे हैं। वहीं श्रद्धालुओं के बैठने के लिए भव्य पंडाल तैयार किया गया है। साथ ही विश्राम गृह भी बनाया गया है।



उन्होंने कहा कि 25 मार्च को श्रीराम–जानकी प्राण प्रतिष्ठा होगी, जबकि पूर्णाहुति 28 मार्च को होगी तथा 29 मार्च को भक्ति जागरण और 30 मार्च को भंडारे के धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होगा। मौके पर बाढ़ के गंगा मंदिर के महंत श्रीश्री 108 रवींद्र गिरी महाराज जी ,भीष्म पितामह समेत अन्य मौजूद थे।



# कुंदी गाँव में निकली भव्य कलश शोभा यात्रा, भक्तिमय हुआ माहौल

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट नूरसराय (नालंदा)।** दरुआरा पंचायत के कुंदी गाँव में गुरुवार को चौती दुर्गा पूजा के अवसर पर मूर्ति कलश स्थापना को लेकर भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान सैकड़ों महिलाओं की भ. ागीदारी से पूरा गांव भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया और चारों ओर धार्मिक उत्साह का वातावरण देखने को मिला। शोभा यात्रा की शुरुआत सुबह मघड़ा स्थित शीतला मंदिर तालाब से हुई, जहाँ मि. हलाओं ने विधि–विधान से कलश में जल भरा। इसके बाद डीजे की धुन पर "जय माता दी" और "जय श्री राम" के जयकारों के साथ महिलाएं, बच्चे और श्रद्धालु नाचते–गाते हुए यात्रा में शामिल हुए। यह शोभा यात्रा मकनपुर बेलदारी, मकनपुर नारी और किशुनपुर होते हुए कुंदी स्थित माता दुर्गा मंदिर पहुंची, जहाँ मूर्ति स्थापना की तैयारी की गई। साथ ही विधिपूर्वक कलश स्थापना कर पूजा–अर्चना भी की गई।

दुर्गा पूजा समिति के सदस्य राजनंदन प्रसाद ने बताया कि कुंदी गाँव में पिछले 25 वर्षों से दुर्गा पूजा के अवसर पर माता दुर्गा की मूर्ति स्थापना की परंपरा चली आ रही है। अष्टमी, नवमी और दशमी के दिन भव्य मेले का आयोजन किया जाता है, जिसमें आसपास के दर्जनों गांवों से श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होते हैं। ग्रामीणों का मानना है कि कलश शोभा यात्रा में भाग लेने से सुख–समृद्धि, संतान प्राप्ति और निरोग जीवन का आशीर्वाद प्राप्त होता है। साथ ही इस तरह के आयोजन से गांव में आपसी भाईचारा और सामाजिक एकता भी मजबूत होती है।

इस अवसर पर सतीश कुमार, राहुल कुमार, करण कुमार, सागर कुमार, कथा वाचक माधव पांडेय सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# गैस की किल्लत से उपभोक्ता परेशान, कतरीसराय में सुबह से उमड़ रही भीड़

**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोर्ट, कतरीसराय (नालंदा)।** कतरीसराय थाना क्षेत्र में एलपीजी घरेलू गैस सिलेंडर की कथित किल्लत को लेकर उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कटौना इलाके में सुबह होते ही बड़ी संख्या में लोग गैस लेने के लिए जुट जा रहे हैं, जिससे वहां अफरातफरी का माहौल बन रहा है। स्थिति यह है कि उपभोक्ताओं के बीच पहले गैस लेने की होड़ मच जाती है, जिसके कारण एजेंसी कर्मियों को भीड़ नियंत्रित करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में गैस एजेंसी संचालक दीपक कुमार ने बताया कि सिलेंडर की आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है और किसी प्रकार की वास्त. विक कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक उपभोक्ता को 45 दिनों के अंतराल पर एक सिलेंडर दिया जा रहा है। वर्तमान में एक सिलेंडर की कीमत 1012.75 रुपये निर्धारित है। संचालक ने यह भी स्पष्ट किया कि अफवाहों के कारण ही लोग अनावश्यक रूप से परेशान हो रहे हैं।



उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे अपने नंबर के अनुसार ही गैस लें और कतारबद्ध तरीके से वितरण प्रक्रिया का पालन करें, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भीड़ और अव्यवस्था की स्थिति बनी रही, तो स्थानीय प्रशासन की मदद लेनी पड़ सकती है।




# इस्लामपुर बाज़ार में ईद की रौनक, खरीदारी को उमड़ी भीड़

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट, इस्लामपुर (नालंदा)।** पवित्र रमजान–उल–मुबारक के अंतिम दिनों के साथ ही ईद पर्व को लेकर इस्लामपुर बाज़ार में रौनक चरम पर पहुंच गई है। गुरुवार को बाजार में ला. ेगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे हर तरफ उत्साह और खुशियों का माहौल देखने को मिला। सुबह से ही कपड़े, जूते–चप्पल, इत्र, सेवइयां और सजावटी सामान की दुकानों पर ग्राहकों की लंबी कतारें देखी गई। खासकर बच्चों और युवाओं में नए कपड़ों की खरीदारी को लेकर विशेष उत्साह नजर आया। दुकानदारों ने भी ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए नए कलेक्शन और विभि ान्न ऑफर पेश किए हैं। महिलाएं घरेलू सामान और ईद के पकवानों की तैयारी के लिए जरूरी वस्तुओं की खरीदारी में व्यस्त दिखीं। मिठाई और सेवइयों की दुकानों पर भी अच्छी–खासी भीड़ देखने को मिली। बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क है। सुरक्षा व्यवस्था और यातायात नियंत्रण के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो।



स्थानीय लोगों का कहना है कि ईद का त्योहार आपसी भाईचारे और खुशियों का प्रतीक है, और बाजार की यह चहल–पहल उसी का संकेत है। कुल मिलाकर, इस्लामपुर बाज़ार इन दिनों ईद के रंग में पूरी तरह रंगा हुआ है, जहां हर तरफ उत्साह, उमंग और खुशियों की झलक साफ दिखाई दे रही है।






# बिहार नवनिर्माण अभियान के तहत जन सुराज पार्टी के सूत्रधारक प्रशांत किशोर पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह प्रखंड क्षेत्र हरनौत

## बराह गांव में इंजीनियर अशोक सिंह ने किया भव्य स्वागत

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत , (नालंदा)।** बिहार नवनिर्माण अभियान के तहत जन सुराज पार्टी के सूत्रधारक प्रशांत किशोर गुरुवार की दोपहर 12 बजे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह प्रखंड क्षेत्र हरनौत के बराह गांव पहुंचे। जहां पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता व सामा. जिक कार्यकर्ता इंजीनियर अशोक सिंह ने अपने दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर उनका भव्य स्वागत किया। वराह गांव स्थित तालाब पर प्रशांत किशोर ने स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ आधे घंटे तक बैठक किया। बैठक के दौरान पार्टी के संगठन को मजबूत करने पूर्ण गठन और बिहार के समग्र नव निर्माण के उद्देश्य के साथ–साथ विगत विधानसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा की गई। बैठक के दौरान प्रशांत किशोर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गांव कल्याण बीघा के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहां की विधानसभा चुनाव के बाद भी पार्टी जनता के बीच सक्रिय रही है और यह यात्रा अब उसे जिला स्तर पर अपने जमीनी नेटवर्क का विस्तार और पूर्ण गठन करने में मदद करेगी। इंजीनियर अशोक सिंह कहा कि जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान के तहत प्रदेश भर में ऐसी ही बैठकों का सिलसिला जारी रहेगा।



जिसका उद्देश्य बिहार में सकारात्मक बदलाव लाना और एक मजबूत वैकल्पिक राजनीतिक विकल्प तैयार करना है।उन्होंने कहा कि बैठक का मुख फोकस पार्टी की जमीनी स्तर की तैयारी को और सशक्त बनाने में सदस्यों को जोड़ने तथा आगामी लक्ष्य पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान मौजूद पार्टी के महिला प्रखंड अध्यक्ष शोभा देवी ने कहां की बिहार नवनिर्माण अभियान के माध्यम से राज्य के हर जिले प्रखंड और गांव तक पहुंच कर जनता की समस्याओं को सुनना और संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करना है। बता दे कि प्रशांत किशोर का आज एक दिवसीय दौरा नालंदा में रहा जहां उन्होंने हिलसा, बिहार शरीफ और राजगीर में कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर हौसला बढ़ाते हुए बैठक कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

# तेज रफ्तार का कहर : चंडी में कार गड्ढे में गिरी दो इंजीनियरिंग छात्रों की मौत, तीन गंभीर

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट चंडी(नालंदा)।** चंडी थाना क्षेत्र के सालेहपुर मोड़ और गौढ़ापर के बीच गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो इंजीनियरिंग छात्रों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी। मृतकों की पहचान नालंदा इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र आशीष कुमार और राहुल कुमार के रूप में की गई है। वहीं घायलों में धीरज कश्यप, उत्सव सिंह और शशिकांत शामिल हैं, जो सभी उसी कॉलेज के छात्र बताए जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार चंडी की ओर से तेज गति में आ रही थी। गौढ़ापर के आगे अचानक चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिससे वाहन सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई। स्थानीय लोगों और पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को कार से बाहर निकाला और एंबुलेंस से रेफरल अस्पताल पहुंचाया। चंडी थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि वाहन हाई. स्पीड में होने के कारण अनियंत्रित हो गया और दुर्घटना घटी। अस्पताल में डॉक्टरों ने आशीष और राहुल को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य तीन घायलों का इलाज जारी है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना को लेकर क्षेत्र में शोक की लहर है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# इस्लामपुर में भव्य दावत–ए–इफ्तार, सैकड़ों रोजेदारों ने मांगी अमन–चौन और भाईचारे की दुआ



**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट इस्लामपुर (नालंदा)।** पवित्र रमजान–उल–मुबारक के अवसर पर इस्लामपुर नगर के खानकाह परिसर में एक भव्य सामाजिक दावत–ए–इफ्तार का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में रोजेदारों ने भाग लिया। इस दौरान सभी ने देश–दुनिया में अमन–चौन और आपसी भाईचारे की दुआ की। दावत–ए–इफ्तार में नगर के सत्यारगंज, उत्तरी मलह बिगहा, दक्षिणी मलह बिगहा, चक्सादिक, भंडार, कजियाना, अतासराय, मल्लिक सराय, तकिया कला, बुढ़ानगर समेत प्रखंड के दर्जनों गांवों से बड़ी संख्या में रोजेदार शामिल हुए। पूरे आयोजन में गंगा–जमुनी तहजीब की खूबसूरत झलक देखने को मिली, जहां विभिन्न समुदायों के लोग एक साथ बैठकर इफ्तार करते नजर आए। इस मौके पर सज्जादानशी सैयद शाह सैफुद्दीन अब्दाली राजी ने सभी के रोजे, नमाज और तरावीह की इबादत कबूल होने की दुआ करते हुए दुनिया में शांति और देश में आपसी भाईचारा कायम रहने की कामना की। उन्होंने कहा कि यह आयोजन वर्षों पुरानी कौमी एकता की परंपरा का प्रतीक है, जहां अलग–अलग जाति और मजहब के लोग एक साथ बैठकर प्रेम और सौहार्द का संदेश देते हैं।आयोजन में राजनीतिक और सामा. जिक क्षेत्र के कई प्रमुख लोग भी शामिल हुए। इसमें राजद के पूर्व विधायक राकेश कुमार रौशन, जदयू के पूर्व विधायक चंद्रसेन प्रसाद, थानाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय, भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव, भाजपा जिला महामंत्री वीरेंद्र गोप, भाकपा के अंचल सचिव अनिल सिंह, भाकपा माले के इमरान जमील सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इसके अलावा गांधी मेमोरियल खानकाह हाई स्कूल प्लस टू के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष इमरान गनी, उपाध्यक्ष एजाज अहमद, प्रधानाध्यापक संजय कुमार राय, नगर परिषद के उपमुख्य पार्षद तनवीर आलम समेत कई गणमान्य नागरिक, शिक्षाविद, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए। दावत–ए–इफ्तार का आयोजन खानकाह कादरिया वक्फ स्टेट नंबर 31 एवं 32 और गांधी मेमोरियल खानकाह हाई स्कूल प्लस टू के सचिव सैयद शाह सैफुद्दीन अब्दाली राजी के नेतृत्व में किया गया। आयोजन में हिंदू–मुस्लिम एकता की मिसाल देखने को मिली और सभी ने मिलकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में इफ्तार का आनंद लिया।

# सरथा पंचायत के पासवान नगर गांव में मोटर का स्टार्टर खराब होने के कारण बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं ग्रामीण लोग,प्रखंड कार्यालय घेराव करने का दिया चेतावनी

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत , (नालंदा)।** मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत चल रही नल जल योजना धरातल पर कम और कागज में ज्यादा दिख रही है। बता दे की भीषण गर्मी दस्तक देते ही प्रखंड क्षेत्र में शुद्ध पेयजल का किल्लत भी शुरू हो गई है। बता दे की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह प्रखंड क्षेत्र हरनौत प्रखंड के सरथा पंचायत के पासवान नगर वार्ड संख्या 2 में नल जल योजना में लगे मोटर का स्टार्टर खराब होने से पानी की आपूर्ति पूर्ण रूप से बाधित हो गया है। पीने की पानी को लेकर गांव में हाहाकार मचा हुआ है। बच्चों से लेकर बूढ़े तक बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। पीड़ित ग्रामीण बालवीर पासवान, शंकर पासवान, धर्मवीर पासवान और नीलम देवी ने गुरुवार को बताया कि पीएचडी विभाग द्वारा निर्मित नल जल योजना के लिए लगाएंगे मोटर का स्टार्टर पिछले 15 दिनों से खराब पड़ा हुआ है। जिसके वजह से भीषण गर्मी में पानी के लिए इधर से उधर भटकना पड़ रहा है। गांव से दक्षिण दिशा में स्थित चुहरमल बाबा मंदिर के पास एकमात्र चापाकल है। इसी चापाकल से सैकड़ो ग्रामीण लोग पानी लाकर अपना प्यास बुझा रहे हैं। महिलाएं एवं बच्चों को प्रतिदिन रोड पारकर दूसरे जगह से पानी लाने पर मजबूर हैं। नल जल योजना के विफल होने से ग्रामीण बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं। उन्होंने बताया कि पानी की समस्या को लेकर पीएचडी विभाग के जेई ,ठेकेदार, मुंशी और मिस्त्री को फोन के माध्यम से सूचना दिया गया है उसके बावजूद भी कोई देखरेख करने नहीं आता है। गांव में कल से यानी 20 मार्च को कलश यात्रा और अखंड कीर्तन का आयोजन किया जाएगा।



नल जल योजना चालू नहीं होने से पूजा पाठ में भी लोगों को परेशानी हो रही है। नल जल योजना बाधित होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश दिख रही है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग को जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने की मांग की है। मांग पूरी नहीं होने पर प्रखंड कार्यालय का घेराव करने का विभाग को चेतावनी दी है। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉक्टर पंकज कुमार ने बताया कि सूचना मिली है जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा।



# ईद–रामनवमी को लेकर नालंदा पुलिस अलर्ट, दंगा निरोधक दल ने किया मॉक ड्रिल

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** आगामी ईद एवं रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने को लेकर नालंदा पुलिस पूरी तरह सतर्क हो गई है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार पुलिस केंद्र, नालंदा में दंगा निरोधक दल द्वारा विशेष मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, जिसमें किसी भी आपात स्थिति से निपटने की तैयारी का व्यापक अभ्यास किया गया। इस मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य संभावित सांप्रदायिक तनाव की स्थिति में भीड़ नियंत्रण, विधि–व्यवस्था संधारण तथा त्वरित कार्रवाई की क्षमता को और मजबूत करना था। अभ्यास के दौरान पुलिसकर्मियों को दंगा नियंत्रण से जुड़े



विभिन्न उपकरणों के उपयोग का प्रशिक्षण प्रशिक्षण दिया गया, ताकि वास्तविक स्थिति में बिना देरी के प्रभावी कदम उठाए जा सकें।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि त्योहारों के दौरान जिले में शांति और सौहार्द बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए हर स्तर पर तैयारी की जा रही है और सुरक्षा व्यवस्था को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है। मॉक ड्रिल के माध्यम से यह संदेश भी दिया गया कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या उपद्रव की स्थिति में पुलिस पूरी तरह तैयार है और त्वरित कार्रवाई करने में सक्षम है। प्रशासन द्वारा आम लोगों से भी अपील की गई है कि वे पर्व–त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं और कानून–व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

